आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–24 सितम्बर 2024 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी दिनों में आने वाले महत्वपूर्ण त्योहारों को देखते हुए प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होने इसके लिए संबंधित अधिकारियों को दस अक्टूबर तक का समय दिया है। आज लखनऊ में विभिन्न विभागों के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में त्योहारों पर आवागमन सामान्य से अधिक होता है इस अवसर पर बड़ी संख्या में देसी–विदेशी पर्यटक आते हैं। इसलिए हम सब की जिम्मेदारी है कि हम पर्यटकों के सुखद अनुभव के लिए सड़कों की मरम्मत अच्छी गुणवत्ता के साथ करायें। मुख्यमंत्री ने मंत्री परिषद को निर्देश दिया कि वह किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखे क्योकि वह सड़कों का सबसे बड़ा उपभोक्ता है। गड्ढा मुक्ति अभियान के लिए विभागीय कार्य योजना से अवगत कराते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सड़कों के लिए बजट का कोई अभाव नही है इसलिए सभी विभाग इस कार्य का बेहतर नियोजन करें। मुख्यमंत्री ने बैठक मे गड्ढामुक्ति और नव निर्माण अभियान की जियों टैंगिंग करने का निर्देश भी दिया।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में नवगठित राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष उपाध्यक्ष और सदस्यों के साथ एक बैठक की जिसमें उन्होंने आयोग के गठन के उद्देश्यों दायित्वों और अधिकारों पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आयोग के पदाधिकारियों को अपने जनपदीय प्रवास के दौरान स्थानीय महिलाओं से संवाद करना चाहिए और उनसे यह पूछना चाहिए कि उन्हें सरकार की ओर से चलाई जा रही योजना का लाभ मिल रहा है या नही। महिलाओं से मिली प्रतिक्रिया के फीडबैक से मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत कराना चाहिए जिससे समुचित कार्यवाई सुनिश्चित की जा सके। श्री योगी ने कहा कि भिक्षावृत्ति की गतिविधियों मे फंसे बच्चों को मुक्त कराकर उन्हें मुख्यधारा में जोड़ने के लिए सरकार द्वारा प्रयास किया जा रहा है। इस कार्य में राज्य महिला आयोग को भी प्रभावी योगदान देना चाहिए।

****

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सीसामऊ के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की तरफ से सजा के खिलाफ दायर की गयी अपील और उनकी सजा बढ़ाने की राज्य सरकार की अपील की सुनवाई टल गयी है। सुनवाई की अगली तारीख सत्ताईस सितंबर रखी गयी है। आगजनी और मारपीट कर महिला के मकान में कब्जा करने के मामले में कानपुर नगर की एमपी–एमएलए विशेष अदालत ने विधायक और उनके भाई सहित पांच लोगों को सात साल की सजा सुनाई है।

****

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी स्थित ज्ञानवापी वुज़ूखाना का भारतीय पूरातत्व सर्वेक्षण से सर्वे कराने की मांग वाली पुनरीक्षण याचिका टाल दी है। अब इसकी अगली सुनवाई एक अक्टूबर को होगी। कोर्ट ने एक अन्य वादी की ओर से दायर की गयी अर्जी प्रस्तुत करने के लिए समय दिया है। याची राखी सिंह ने शिवलिंग वाला हिस्सा छोड़कर वुज़ूखाने की सर्वे की मांग हाईकार्ट से की है।

****

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन प्राप्त करने के लिये राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों के आधार नम्बर लिंक करने की अवधि शासन स्तर पर बढ़ा दी गयी है। प्रदेश के उपभोक्ताओं को आधार लिंक करने के लिये इकतीस दिसम्बर दो हजार चौबीस तक का समय दिया गया है। खा़द्य एवं रसद विभाग के अपर आयुक्त सत्यदेव ने प्रदेश के सभी जिलापूर्ति अधिकारियों को इसके लिये पत्र जारी कर के बताया है कि आधार कार्ड लिंक करने की अन्तिम तिथि तीस सितम्बर निर्धारित थी, इसे तीन महीने के लिये बढ़ा दिया गया है।

****

केन्द्र सरकार ने देशभर के विभिन्न कोचिंग संस्थानों में संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान और अन्य प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए दाखिला ले चुके विद्यार्थियों को एक करोड़ से अधिक रूपए लौटाने में सुविधा प्रदान की है। उपभोक्ता कार्य विभाग ने बताया है कि छह सौ छप्पन से अधिक विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन–उन्नीस पन्द्रह पर अपनी शिकायत दर्ज करके कोचिंग केंद्रों और निजी संस्थानों से अपनी धनराशि लौटाने की मांग की थी। इनमें से ज्यादातर शिकायतें छात्रों ने कोचिंग संस्थानों के खिलाफ गलत वायदे करने, पाठ्यक्रमों को रद्द करने और नामांकन शुल्क वापस नहीं करने से संबंधित थी।

****

राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अतर्गत आज वाराणसी में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान की शुरूआत की गयी। जिले के एसवीएम राजकीय चिकित्सालय अभियान से इस की शुरूआत हुई। इस अवसर पर वाराणसी कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने तम्बाकू सेवन के रोकथाम एवं प्रचार प्रसार के लिए जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान जिले में दो महीने तक चलाया जाएगा। रायबरेली में भी तम्बाकू मुक्त युवा अभियान की शुरूआत हुई। इस दौरान लोगों को तम्बाकू के खिलाफ जागरूकता फैलाने और युवाओं को स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

****